नेशनल टाइम रिलीज़ स्टडी रिपोर्ट, 2024

स्रोत: पी.आई.बी.

हाल ही में केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (Central Board of Indirect Taxes and Customs- CBIC) ने **नेशनल टाइम रिलीज़ स्टडी (National Time Release Study- NTRS**) 2024 रिपोर्ट जारी की, जिसमें भारत के 9 बंदरगाहों पर कार्गो रिलीज़ समय को मापा गया है।

- NTRS, 2024 रिपोर्ट का उद्देश्य **राष्ट्रीय व्यापार सुविधा कार्य योजना (National Trade Facilitation Action Plan- NTFAP)** लक्ष्यों की दिशा में हुई प्रगति का आकलन करना, विभिन्न व्यापार सुविधा पहलों के प्रभाव की पहचान करना और रिलीज़ समय में तथा अधिक तेज़ी से कमी लाने में आने वाली चुनौतियों की पहचान करना है।
    - NTFAP का उद्देश्य **कुशल, पारदर्शी, जोखिम-आधारित, समन्वित, डिजिटल, निर्बाध और प्रौद्योगिकी-संचालित प्रक्रियाओं के माध्यम से सीमा पार** निकासी तंत्र को बदलना है, जिसे अत्याधुनिक समुद्री बंदरगाह, हवाई अड्डे और भूमि सीमाएँ समर्थन प्रदान करती हैं।
- NTRS, 2024 वार्षिक राष्ट्रीय स्तर का चौथा अध्ययन है, जिसमें **1 जनवरी से 7 फरवरी, 2024 तक आयात और निर्यात हेतु सीमा पर निकासी समय का विश्लेषण करने के लिये** मानकीकृत पद्धति का उपयोग किया गया है।
- अध्ययन में **CBIC पूर्व-भुगतान सीमा शुल्क अनुपालन सत्यापन** पहल की दक्षता पर प्रकाश डाला गया है।
    - CBIC **पूर्व-भुगतान सीमा शुल्क अनुपालन सत्यापन (Pre-payment Customs Compliance Verification- PCCV)** पहल में, सभी सीमा शुल्क औपचारिकताएँ पूरी कर ली जाती हैं और आयातक द्वारा शुल्कों के भुगतान के लिये केवल अंतिम मंजूरी लंबित रहती है।

और पढ़ें: CBIC ने नेशनल टाइम रिलीज़ स्टडी (NTRS), 2023 रिपोर्ट जारी की

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/national-time-release-study-report,-2024